BULANDSHAHR POLICE

दिनांक- 11 सितम्बर, 2023 **थाना नरसैना**

युवती की हत्या में संलिप्त 04 हत्यारोपी गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 09-09-2023 को थाना नरसैना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गजरोला के जंगल में एक नर कंकाल मिलने की सूचना पर थाना नरसैना पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर नर कंकाल को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया । इसी दौरान थाना नरसैना पुलिस को पता चला कि थाना खानपुर क्षेत्र के गांव जीवनपुर से एक युवती लापता हैं इस सम्बन्ध में युवती के परिजनों द्वारा थाना खानपुर पर कोई सूचना भी नही दी गयी । थाना नरसैना पुलिस द्वारा युवती के पिता को बुलाकर युवती के बारे में जानकारी की गयी तो युवती के पिता द्वारा कपडों को देखकर नरकंकाल की पहचान अपनी पुत्री काजल के रुप में की गयी।

उक्त घटना के क्रम में जांच/छानबीन से प्रकाश में आया की युवती की हत्या उसके पिता द्वारा अन्य तीन व्यक्तियों के साथ मिलकर की गयी हैं। इस सम्बन्ध में थाना नरसैना पर मुअसं-248/23 धारा 302,201 भादवि पंजीकृत करते हुए आज दिनांक 11-09-2023 को थाना नरसैना पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त युवती के पिता को अन्य तीन अभियुक्तों सहित गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना नरसेना पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1- जयराम पुत्र कलुआ लोधी निवासी ग्राम जाडौल माजरा जीनवपुर थाना खानपुर जनपद बुलन्दशहर ।

2. जयकिशन पुत्र मामचन्द निवासी उपरोक्त ।

3. रविन्द्र पुत्र राजेन्द्र निवासी उपुरोक्त ।

4. दौलत पुत्र मनफूल निवासी उपरोक्त ।

हत्या का कारण- गिरफ्तार अभियुक्त जयराम ने पूछताछ पर बताया कि मेरी पुत्री काजल शादी के लिए राजी नही थी इसी बात से क्रोधित होकर मेरे द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर काजल की हत्या कर दी गयी तथा शव को थाना नरसैना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गजरोला के जंगल में फैंक दिया गया था।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री मनोज कुमार थानाध्यक्ष नरसैना

2. है0का0 विनय कुमार, है0का0 अमरजीत सिंह, का0 हेमन्त कुमार

मीडिया सेल बुलंदशहर